2019/00205

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी/अपीलांट **बनाम** **अप्रार्थी/रेस्पोडेन्ट**

श्री सलीम खान पुत्र श्री अमीरखान
जाति मुसलमान
निवासी दानवाव, तलेटी
तहसील आबूरोड जिला सिरोही

लोक सूचना अधिकारी
तहसीलदार
आबूरोड

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 30 वर्ष 2019

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
23.09.2019	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 16.7.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि खतौनी ग्राम दानवाव के खसरा नम्बर 279/87 रकबा 3.8 बीघा किस्म नाला अपने मूल स्वरूप में है या उसके प्राकृतिक स्वरूप के साथ छेडछाड की है की प्रमाणित प्रतिलिपि लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 16.7.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि खतौनी ग्राम दानवाव के खसरा नम्बर 279/87 रकबा 3.8 बीघा किस्म नाला अपने मूल स्वरूप में है या उसके प्राकृतिक स्वरूप के साथ छेडछाड की है की प्रमाणित प्रतिलिपि उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नही कराई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, आबूरोड को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली दर्ज रजिस्टर होकर फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (सुरेन्द्र कुमार सोलंकी) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned by CamScanner